# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान, शांति, मैत्री

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र**
**Dr. Rajendra Prasad Mishra**
**कुलसचिव/Registrar**
परीक्षा नियंत्रक/**Exam. Controller**


पत्रांक : 04/परी/दू. शि. नि./13/[illegible]

दिनांक : 26/07/2016

## दूर शिक्षा निदेशालय
## परीक्षा सूचना (सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, सितंबर- 2016)

दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, सितंबर 2016 में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के संबंध में परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक जानकारी निम्नानुसार है -

1. सत्रांत/वार्षिक परीक्षा **वर्धा, कोलकाता, इलाहाबाद, गुवाहाटी, भोजपुर, बाराबंकी, वडसा** (देसाईगंज जिला-गडचिरोली) एवं **नागपुर** केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार इन परीक्षा केंद्रों में से किसी एक परीक्षा केंद्र का चयन करें। **परीक्षा केंद्र चयन करने के पश्चात किसी भी दशा में परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा।**
2. परीक्षा आवेदन-पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org (दूर शिक्षा के वेब पेज) पर उपलब्ध है।
3. पूर्ण रूप से भरे हुए परीक्षा आवेदन-पत्र **दूर शिक्षा निदेशालय, म.गां. अं. हिं.वि., वर्धा, (महाराष्ट्र) -442001** में जमा करने की **अंतिम तिथि - 10 अगस्त, 2016** है।
4. **विलंब शुल्क ₹ 100** के साथ दिनांक **18 अगस्त, 2016** तक परीक्षा आवेदन-पत्र स्वीकार किया जाएगा।
5. सामान्य एवं प्रबंधन (एमबीए/बीबीए) पाठ्यक्रमों की पूर्व परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा के लिए निर्धारित शुल्क **₹ 300 (प्रति प्रश्न-पत्र)** के साथ आवेदन करना होगा।
6. पूर्व में सामान्य पाठ्यक्रम के सत्रीय/परियोजना कार्य जमा नहीं करने वाले/ अनुत्तीर्ण विद्यार्थी उक्त को जमा करने के लिए निर्धारित शुल्क **₹ 250 (प्रति प्रश्न -पत्र)** के साथ निर्धारित तिथि तक आवेदन करें।
7. परीक्षा शुल्क का भुगतान केवल राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत मांगपत्र (डी.डी.) के माध्यम से ही स्वीकर किया जाएगा। मांगपत्र **निदेशक, दूर शिक्षा निदेशालय, वर्धा** के पक्ष में वर्धा में देय होगा।
8. अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले परीक्षा आवेदनों एवं सत्रीय-कार्यों को निरस्त किया जाएगा।
9. परीक्षा केंद्रवार परीक्षार्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org (दूर शिक्षा के वेब पेज) पर उपलब्ध कराई जाएगी।
10. सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा प्रवेश-पत्र संबंधित परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध कराया जाएगा।
11. पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क जमा नहीं करने/एक ही किश्त जमा करने वाले विद्यार्थी संबंधित पाठ्यक्रम का शेष शुल्क परीक्षा आवदेन के साथ जमा करें। अन्यथा की स्थिति में उन्हें परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
12. परीक्षा केंद्रों में परिवर्तन करने का सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।
13. अधिक जानकारी के लिए Toll Free No. 1800 233 1575 पर संपर्क किया जा सकता है।

**(परीक्षा नियंत्रक)**


**पोस्ट- हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र)- 442001**
Post-Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha- (Maharashtra) 442001
फोन: 07152-242812, 255360, फैक्स 07152-242812, टोल फ्री 18002331575
**Website:** www.hindivishwa.org **E-mail:** mgahvdistexam@gmail.com